भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 07.04.2023

आरेडिका में राजभाषा पर संगोष्ठी का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में दिनांक 07.04.2023 को राजभाषा विभाग द्वारा त्रिमासिक बैठक का आयोजन महाप्रबंधक सभागार में किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा ने की तथा कार्यक्रम का संचालन आरेडिका के मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री सुरेश कुमार सैनी के नेतृत्व में किया गया।

महाप्रबंधक महोदय, ने राजभाषा विभाग द्वारा हिंदी के विकासार्थ किए जा रहे प्रयासों की सराहना की, साथ– साथ रेलवे कर्मचारियों एवं अधिकारियों की साहित्यिक प्रतिभा के विकास के लिए पुरस्कार योजना चलाने का भी सुझाव दिया।

आरेडिका के मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री सैनी ने रायबरेली जिले के दौलतपुर ग्राम में जन्में हिंदी के प्रख्यात साहित्यकार आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी जी के साहित्यिक और हिंदी भाषा के विकास के लिए किए गये उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि, महावीर प्रसाद द्विवेदी जी ने ग्रेट इण्डियन पेनिनसूलर रेलवे में लम्बे समय तक नौकरी की तत्पश्चात रेलवे की नौकरी से त्याग पत्र देकर सन 1903 से तत्कालीन समय की प्रसिद्ध साहित्यिक पत्रिका "सरस्वती" का सम्पादन किया एवं हिंदी के गद्य व पद्य रूप को परिष्कृत किया। उनका युग द्विवेदी युग के नाम जाना जाता है।

आरेडिका के राजभाषा अधिकारी श्री राजेश कुमार ने हिंदी के विकास के लिए आरेडिका में किए जा रहे विभिन्न कार्यों जैसे– हिंदी निबन्ध लेखन, कवि सम्मेलन, प्रगति पत्रिका, प्रतिबिंब पत्र एवं कार्यालयों में राजभाषा में किए जा रहे कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता श्री एसएस कलसी सहित प्रमुख्य विभागाध्यक्ष एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

07/4/2023
(आर. एन. तिवारी)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी